हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–215 : जौनपुर, शनिवार 29 अप्रैल 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## तुष्टिकरण नही सशक्तिकरण कर प्रदेश को विकसित किया –सीएम योगी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : महाराजगंज जनपद के मऊपाकड़ में शनिवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार को मजबूती देने के लिए निकायों में एक और सहयोगी सरकार की जरूरत है। ट्रिपल इंजन की सरकार बनने के बाद ही दिल्ली और लखनऊ से भेजे गए धन का शहरों के विकास में सदुपयोग हो सकता है। सीएम ने कहा कि भाजपा सरकार ने तुष्टीकरण नहीं बल्कि सबका सशक्तीकरण किया। सीएम ने कहा कि हर हाल में अच्छा बोर्ड विकास के लिए जरूरी है। ताकि शहर विकास की प्रक्रिया से जुड़ सके। कहा कि अच्छा बोर्ड न होने से पैसे का दुरूपयोग होने लगेगा। कहा कि सपा, बसपा व कांग्रेस की सरकारों में युवाओं के हाथों में तमंचा था। अब युवाओं के हाथों में टैबलेट है। कहा कि इस निकाय के चुनाव में भाजपा का बोर्ड विकास के लिए गठित होना जरूरी है। उन्होंने इसके लिए जनसमुदाय से आह्वान किया। संकट के समय दुनिया भारत की ओर देखती है सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की साख पूरी दुनिया में बढ़ी है। कोरोना काल में दुनिया के तमाम देशों को हमने वैक्सीन दिया। संकट के समय दुनिया भारतकी ओर आस भरी नजरों से देखती है। कहा कि सूडान में खून खराबा के बीच ऑपरेशन कावेरी के तहत फंसे लोगों को सुरक्षित वापसी कराई गई। कहा कि यह केवल पीएम मोदी की अगुवाई में ही हो सका है। इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ है। सीएम ने कहा कि हर हाल में अच्छा बोर्ड विकास के लिए जरूरी



है। ताकि शहर विकास की प्रक्रिया से जुड़ सके। कहा कि अच्छा बोर्ड न होने से पैसे का दुरूपयोग होने लगेगा। कहा कि सपा, बसपा व कांग्रेस की सरकारों में युवाओं के हाथों में तमंचा था। अब युवाओं के हाथों में टैबलेट है। कहा कि इस निकाय के चुनाव में भाजपा का बोर्ड विकास के लिए गठित होना जरूरी है। उन्होंने इसके लिए जनसमुदाय से आह्वान किया। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, फ्री राशन, शौचालय, पीएम स्वनिधि योजना का खूब जिक्र किया। कहा कि विकास की बयार बह रही है और आगे भी बहती रही । सीएम ने कहा कि प्रदेश में सुरक्षा का माहौल बनाया गया है। पहले जहां व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती थी, वहीं अब व्यापारी सीना तानकर चल रहे हैं। वहीं अपराधी गले में तख्ती लटकाकर अपनी खैर मांग रहे हैं।

## नगर निकाय चुनाव ट्रेनिंग में हस्ताक्षर बनाकर लापता होने वाले 27 कर्मचारियों को सीडीओ ने एफआईआर दर्ज कर विभागीय कार्यवाही करने का दिया निर्देश

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन–2023 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मतदान कार्मिको के द्वितीय प्रशिक्षण के तीसरे दिवस 28. 04.2023 को मुख्य विकास अधिकारी / प्रभारी अधिकारी कार्मिक द्वारा द्वितीय पाली में प्रशिक्षण कक्ष सं0 17 में अपरान्ह 03. 05 बजे औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कुल 27 कार्मिक ऐसे मिले जो हस्ताक्षर बनाकर प्रशिक्षण कक्ष से अनुपस्थित थे। इन कार्मिको में कृ ष्ण कुमार मिश्रा, स०अ० (PO), राकेश कुमार विश्वकर्मा, व०स० ( P1 ), श्रीमती रुची मल्ल, स0अ0 ( P2 ) राम सिंह, स०अ० (P3). जगन्नाथ, प्र0अ0 (PO) रणविजय सिंह, स०अ० (PT), श्रीमती नीलू सिंह, स०अ० (12) सेवक कुमार, परिचारक (P3) अमरेश कुमार, स०अ० ( PO), शिवेन्द्र कुमार राय, स०अ० (P1 ), श्रीमती सुनीता, स०अ० ( P2 ), मित्रसेन सिंह, अनुचर (P3) कुमार सत्यम, स०अ० ( P1 ) मिथिलेश सिंह, प्र0अ0 (P2 ) दिलीप कुमार, चपरासी (P3 ) श्री अजीत कुमार, स०अ० ( PO), श्री रवि कुमार मिश्रा, स०अ० ( P1 ) सरोज सिंह, स०अ० (P2 ) ध्रुव नारायण मल्ल, सफाई कर्मी (P3 ) शारदा प्रसाद प्रजापति, स०अ० (PO), बालकरन, प्र०स० ( P1 ) श्रीमती सुमन वर्मा, स0अ0 (P2) अजय कुमार, सफाई कर्मी (P3 ) विश्वनाथ तिवारी, स०अ० (PO) मुन्ना लाल, स०अ० (P1 ) पंकज कुमार, स0अ0 ( P2 ) धनवन्तरि प्रसाद, सफाई कर्मी ( 3 ) शामिल हैं। मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना ने अनुपस्थित कार्मिको के विरूद्ध उनके कार्यालयध्यक्षो को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) दर्ज कराने के साथ ही उनके विरूद्ध विभागीय कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट
www.Desh ki upasana.com
का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## नगरपालिका का विकास करना है तो बीजेपी ही एकमात्र विकल्प हैं –गिरीश चंद्र यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नगर पालिका चुनाव में भाजपा का परचम फहराने के लिए शनिवार को पार्टी के नेताओं ने रणनीति बनाते हुए पूरी ताकत से प्रचार शुरू कर दिया ।भाजपा गरीब, असहाय तथा सर्व समाज के लोगों की पार्टी है। इसमें सभी का विकास तथा स्वाभिमान कायम



रहता है। यहां कोई किसी का रिश्तेदार नहीं होता है। उक्त बातें पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं उपाध्यक्ष महाराष्ट्र कृपा शंकर सिंह ने आज नगर के भूपतपट्टी में जनसंपर्क के दौरान कही। आगे उन्होंने कहा कि यूपी में डबल इंजन की सरकार के साथ जरूरी है कि स्थानीय निकायों के माध्यम से विकास का रथ चलता रहे। इसके लिए ट्रिपल इंजन की सरकार जरूरी है प्रदेश में एक विचारधारा की ट्रिपल इंजन की सरकार हो तो विकास कार्य तेजी से होते हैं। श्री सिंह ने बताया कि जौनपुर नगर पालिका क्षेत्र में अमृत योजना के तहत बुनियादी सुविधाओं को आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास और शौचालय उपलब्ध कराए गए है। जौनपुर नगर में हर मोहल्ले में एक शिलापट आप सभी को जरूर दिख जाएगा और वही बगल में कूड़े का अंबार लगा रहता है ।इससे साफ जाहिर होता है कि जौनपुर नगर पालिका में पिछले कई वर्षों से विकास कार्य नहीं हुये। भाजपा नगर पालिका जौनपुर की अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती मनोरमा मौर्य अन्य प्रत्याशियों को मात देने में लगी हैं। भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में भाजपा नेता कार्यकर्ता मोहल्लों में भ्रमण कर मतदाता को नगर के सर्वांगीण विकास व सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए भाजपा प्रत्याशी को कमल पर निशान लगाकर भारी मतों से जिताने की अपील की। कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए योगी व मोदी जिंदाबाद के नारे भी लगाये गये ।भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जुट रही भीड़ प्रत्याशी की स्थिति को मजबूत कर रही है। जनसंपर्क कर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि देश में मोदी जी और प्रदेश में योगी जी की सरकार हैं। नगरपालिका और नगरपंचायतों का विकास करना है तो बीजेपी ही एकमात्र विकल्प हैं, गुंडे माफिया आज डर के छुपे हुए हैं। आगे उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता हमारे पार्टी की रीढ़ की हड्डी है,,आप के हौसले का ही ये परिणाम है कि आज देश और प्रदेश में हमारी सरकार है।

## जो लोग मतदान नहीं करते उन्हें व्यवस्था को कोसने का कोई अधिकार नहीं –संजय गुप्ता

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। नगर निकाय चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को राजधानी से''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल'' ने '' मतदाता जागरूकता अभियान'' शुरू किया। ''उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल'' के बैनर तले व्यापारियों ने नगर निकाय चुनाव में अनिवार्य मतदान की शपथ ली ,संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई ''मतदाता जागरूकता अभियान'' की शुरुआत एवं अनिवार्य मतदान का संकल्प एवं शपथ कार्यक्रम हजरतगंज स्थित साहू सिनेमा के पास आयोजित हुआ। इस अवसर पर बोलते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा लोकतंत्र में जनता के पास वोट का अधिकार सबसे बड़ा हथियार है मताधिकार के हथियार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए उन्होंने कहा व्यापारियों को चुनाव में जाति धर्म में ना बटते हुए व्यापारी बनकर वोट देना होगा तभी व्यापारियों की समस्याओं का समाधान होगा उन्होंने कहा जो लोग मताधिकार का प्रयोग नहीं करते, उन्हें सरकार को कोसने का कोई अधिकार नहीं है उन्होंने कहा हमें स्वयं तथा अपने परिजनों एवं परिचितो को अनिवार्य मतदान हेतु जागरूक करना होगा उन्होंने कहा जितना मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा उतना ही सही चयन होगा। संजय गुप्ता ने कहा कि चुनाव में व्यापारी अपने परिजनों के साथ वोट का प्रयोग कर मजबूत व्यापारी वोट बैंक के रूप में दिखें उन्होंने कहा राजनीतिक दल एवं सत्ता पर बैठे हुए लोग केवल वोटों की भाषा समझते हैं अतः नागरिकों को इस भाषा का प्रयोग अच्छे तरीके से करना आना




चाहिए। प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी एवं नगर अध्यक्ष हरजिण्दर सिंह ने बताया संगठन द्वारा 2 मई तक राजधानी की विभिन्न बाजारों में ''मतदाता जागरूकता अभियान'' चलाकर व्यापारियों एवं जनता को 4 मई को वोट देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ''मतदाता जागरूकता अभियान'' एवं शपथ कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल ,नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, नगर महामंत्री राजीव शुक्ला नगर उपाध्यक्ष मनीष जैन ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ,उपाध्यक्ष डॉ साकेत चतुर्वेदी, नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद आदिल, मोहम्मद सलीम, प्रिंस कॉन्प्लेक्स के अध्यक्ष मोहम्मद हलीम, कोषाध्यक्ष रवि, लवलेन मार्केट के कोषाध्यक्ष मोहम्मद गौस अहमद, नरही मार्केट अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह बबुआ, महामंत्री संजय अग्रवाल, हुसैनाबाद के प्रभारी रजा इमाम रिजवी, महिला इकाई की मनोरमा मिश्रा, वर्तिका दुबे, बीना देवी, अंजली मोरिया, रितु सिंह, रेनू सिंह ,पुनीता भटनागर ,दीपमाला, सरिता, शालिनी आदि व्यापारी शामिल थे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी की जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ ए.एम.एफ को लेकर बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मतदान स्थलों के ए.एम.एफ के सम्बंधा में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक सम्प्पन हुई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन मतदान स्थलों में कमियां पाई गई है उन्हें अविलंब दूर करता ले। उन्होंने कहा कि सभी मतदान स्थलों पर पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, रैंप की समुचित व्यवस्था रहे। आवश्यकता पड़ने पर मोबाइल शौचालय एवं छाया के लिए टेंट की व्यवस्था कराए। हैंडपंप खराब हो तो जल्द से जल्द टीक करा लें। उन्होंने सभी मजिस्ट्रेटो को उनके दायित्वों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सभी का महत्वपूर्ण कार्य है, अपने–अपने मतदान स्थलों पर सभी प्रकार



की व्यवस्था कराना सुनिश्चित करे ले। लोगों से बातचीत कर संवेदनशीलता का आकलन कर ले। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान, अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व गणेश प्रसाद, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश सिंह सहित समस्त जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

## याकूब कुरैशी समेत पूरा परिवार गैंग की सूची में शामिल

मेरठ ब्यूरो : मेरठ में पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। कुछ समय पहले शासन ने याकूब को प्रदेश माफिया की सूची में शामिल किया था। अब जिला पुलिस ने याकूब कुरैशी का गैंग डी–144 के रूप में पंजीकृत किया है। इस गैंग में याकूब के बेटे फिरोज और इमरान, पत्नी संजीदा बेगम उर्फ समजीदा, घोसीपुर निवासी फैजाब, नरहेड़ा गांव निवासी मुजीब और शास्त्रीनगर निवासी मोहित त्यागी को भी शामिल किया गया है। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण के अनुसार तेलीयान सराय बहलीम निवासी याकूब कुरैशी शातिर अपराधी है, जो अपने सहयोगियों के साथ गैंग बनाकर आर्थिक और भौतिक लाभ लेने के लिए मांस के अवैध कारोबार और अन्य जघन्य अपराध करने में सक्रिय है। निगरानी और नियंत्रण करने के लिए इस गैंग को सूची में शामिल किया गया है। पूर्व मंत्री से प्रदेश माफिया और अब बना गैंग का सरगना पहले हाजी याकूब की आर्थिक स्थिति कमजोर थी। 1980 के दशक में उसने मेरठ में नींबू बेचना शुरू किया था। इसके बाद 2002 में राजनीति में कदम रखा और सबसे पहले बसपा से विधायक बने। फिर मंत्री भी रहे। पिछले साल मार्च माह में याकूब की मीट फैक्टरी अल फहीम मीटेक्स प्राइवेट लिमिटेड पर छापेमारी हुई थी। यहां अवैध तरीके से मीट की पैकिंग हो रही थी और खराब मीट विदेशों में भेजा जा रहा था। इस प्रकरण में याकूब, उसकी पत्नी, दो बेटे समेत 17 लोगों को नामजद किया था। काफी प्रयास के बाद याकूब को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। याकूब फिलहाल सोनभद्र जेल में है। याकूब को शुरूआत में मेरठ जेल में रखा गया था, लेकिन यहां पर उसे वीवीआईपी सुविधाओं की शिकायत मिल रही थी, इसके चलते यहां से जेल बदल दी गई थी। याकूब के दोनों बेटे जमानत पर है। संपत्ति और गाड़ियां हो चुकी हैं जब्त एक समय बसपा के कद्दावर नेता कहे जाने वाले याकूब कुरैशी पर फिलहाल संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वह खुद सोनभद्र जेल में बंद है। जिला प्रशासन की तरफ से याकूब को आर्थिक तौर पर भी कमजोर किया जा रहा है। प्रशासन की तरफ से अभी तक याकूब की करीब 40 करोड़ रुपये की संपत्ति और 32 लग्जरी गाड़ियों को जब्त किया जा चुका है। कुछ अन्य संपत्ति भी बची है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। विवादों से रहा याकूब का नाता याकूब कुरैशी कई विवादों में भी रहा। वह पहली बार तब सुर्खियों में आया था, जब डेनमार्क के कार्टूनिस्ट का सिर कलम करने वाले को 51 करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। इसके अलावा भी अलग–अलग बयानबाजी को लेकर चर्चाओं में रह चुका है। जिस तरीके से याकूब पर शिकंजा कसा जा रहा है, उसके बाद नजदीक दिखने वाले लोगों ने भी दूरी बना ली है। बदला रहा दल याकूब कुरैशी ने शुरूआत में यूनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) नाम से एक अलग पार्टी बनाई थी। इसके बाद वह बसपा में शामिल हो गया था। साल 2007 में याकूब कुरैशी बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा। इसके बाद बसपा सरकार ने मंत्री बनाया था। साल 2012 में चुनाव में टिकट कटने के बाद वह लोकदल में शामिल हो गया था। हालांकि कुछ दिन बाद वह सपा में चला गया था। फिर बसपा में वापसी की। याकूब को जिसका पलड़ा भारी लगता, उसी में शामिल हो जाता था।

## भाजपा महापौर प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल की रिकॉर्ड मतों से होगी जीत –कर्नल रामेंद्र सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी की महापौर प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल के समर्थन में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कर्नल राजीव रावत, कर्नल रामेंद्र सिंह, कर्नल वीरेंद्र सिंह तोमर, स्वाडन लीडर राखी अग्रवाल, कर्नल आहूजा कैप्टन इंद्रपाल सिंह, कैप्टन सीपेश, मुकेशानंद, मोहम्मद शमीम, पिंकी त्रिपाठी, पीके मिश्रा पूर्व प्रतिनिधि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई एवं राष्ट्रीय महामंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पूर्व सैनिक कामता सिंह, प्रोफेसर बीएन मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में रिटायर्ड सेना के जवानों ने ज्ञान सरोवर विद्यालय में आयोजित बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में संकल्प लिया गया कि आने वाले नगर निकाय चुनाव में घर –घर जाकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमे पहले मतदान उसके बाद जलपान का संकल्प सभी लोगों को दिलाया जायेगा। कोई भी मतदाता, मतदान से वंचित ना रहे। हर व्यक्ति अपने वोट का उपयोग करें और आने वाले चार तारीख को पोलिंग बूथ पर जाएं और अपना मतदान करें। कर्नल रामेंद्र सिंह ने कहा कि हम सब लोग घर– घर जाएंगे और जागरूक करेंगे



कि सभी लोग मतदान करें। अपने दाएं – बाएं 10– 10 मतदाता को यह संदेश दे कि मतदान अवश्य करें. सभी सैनिक एवं सैन्य अधिकारी घर–घर जाकर जनसंपर्क करें और रिकॉर्ड मत से महापौर प्रत्याशी सुषमा खर्कवाल को जिताने में सहयोग करें। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने एक नारा दिया – ''भाजपा मेयर प्रत्याशी के सम्मान में, हम पूर्व सैनिक मैदान में''पूर्व सैन्य अधिकारियों ने उत्साह पूर्वक बैठक में नारा लगाया।

## जेस्ट परीक्षा पास करने पर कुलपति ने दी बधाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान के भौतिक विज्ञान विभाग के दो विद्यार्थी वैशाली सिंह तथा कायनात फातिमा ने भौतिक विज्ञान विषय में साइंस एंड



इंजीनियरिंग रिसर्च बोर्ड द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर 80वीं तथा 121वी रैंक प्राप्त की है। इस प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षा में देश भर से लगभग भौतिकी विषय के 50, 000 छात्र समलित हुए थे। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने के पश्चात अभ्यर्थी देश के प्रतिष्ठित शोध संस्थान जैसे आईआईएससी बैंगलोर, टीआईएफआर मुंबई, एच आर आई प्रयागराज, समस्त आई आई एस ई आर, एन आई एस ई आर, आर आर आई बैंगलोर इत्यादि में पीएचडी हेतु प्रवेश ले सकेंगे । इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई दी। यह उम्मीद जताई की इसी तरह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी विश्वविद्यालय तथा अपने संस्थान का नाम रोशन करते रहेंगे। इस अवसर पर रज्जू भैया संस्थान के निदेशक प्रो. देवराज सिंह, डॉ प्रमोद कुमार यादव, डा गिरिधर मिश्र, डा पुनीत धवन, डा संदीप कुमार वर्मा, डा आलोक कुमार वर्मा, डा रामांशू प्रभाकर सिंह सहित संस्थान के सभी शिक्षकों ने इन विद्यार्थियों को बधाई दी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
भगवान उसकी मदद करते हैं जो खुद अपनीं मदद करता है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# भारत के सिर पर पड़ा भारी जनसंख्या का ताज या बोझ?

संयुक्त राष्ट्र विश्व जनसंख्या डैशबोर्ड 2023 के अनुसार भारत की जनसंख्या 142.86 करोड़ हो गई है, जो कि चीन की अनुमानित जनसंख्या 142.57 करोड़ से कुछ अधिक है।

भारत का चीन से सर्वाधिक जनसंख्या का ताज छीनना भले ही कुछ विचारकों के लिए शुभ संकेत हो, मगर कुल मिलाकर देखा जाए तो यह खुशी की बात नहीं बल्कि चिन्ता की बात है क्योंकि भारत को कोई सौगात नहीं बल्कि जनसंख्या का बोझ मिला है जिसे आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से नहीं बल्कि देश की धारक क्षमता और खासकर पृथ्वी की सहन शक्ति की दृष्टि से देखे जाने की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र विश्व जनसंख्या डैशबोर्ड 2023 के अनुसार भारत की जनसंख्या 142.86 करोड़ हो गई है, जो कि चीन की अनुमानित जनसंख्या 142.57 करोड़ से कुछ अधिक है। यद्यपि दशकीय जनगणना अभी शुरू नहीं हुई है। भारत में जनसंख्या का यह विस्फोट तब है जबकि देश में प्रति महिला प्रजनन दर कम हो रही है।

अधिक जनसंख्या के लाभ

अमेरिकी अर्थशास्त्री जूलियन सिमौन, स्वीडिश संख्यकीविद हंस रोसलिंग और डेनिश अर्थशास्त्री ईस्थर बोजेरप जैसे विध्द्वान किसी भी देश की प्रगति के लिए अधिक जनसंख्या को अनुकूल मानते हैं। इस धारणा को लेकर उनके तर्क हैं कि एक बड़ी आबादी किसी देश को वैश्विक मंच पर अधिक राजनीतिक प्रभाव और सौदेबाजी की शक्ति दे सकती है और बड़ी आबादी वाला देश एक आर्थिक महाशक्ति बन सकता है, क्योंकि उसके पास वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन और बिक्री के लिए एक बड़ा बाजार होता है।

इससे आर्थिक विकास होगा तो रोजगार के अवसर बढेंगे। इन विद्वानों का मत है कि जनसंख्या वृद्धि से उपभोक्ता बाजार बढ़ने के साथ ही श्रम शक्ति भी बढ़ेगी जिससे आर्थिक विकास दर भी बढ़ेगी। यद्यपि माल्थस जैसे अर्थशास्त्री का मानना था कि जनसंख्या विस्फोट का सीधे संसाधनों पर दबाव बढ़ेगा जिससे गरीबी और अकाल की जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। लेकिन बोजेरप का मानना है कि जैसे–जैसे जनसंख्या घनत्व बढ़ता है, किसान अधिक गहन कृषि तकनीकों को अपनाने और पैदावार बढ़ाने के लिए नई तकनीकों को विकसित करने के लिए मजबूर होते हैं।

इसी तरह जूलियन सिमौन का तर्क है कि बढ़ती जनसंख्या नवाचार और उद्यमिता के लिए अधिक अवसर पैदा करती है, जिससे उत्पादकता और आर्थिक विकास में वृद्धि होती है। रोसलिंग का तर्क है कि यदि इसके साथ शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और आर्थिक विकास में सुधार हो तो बढ़ती जनसंख्या एक सकारात्मक शक्ति हो सकती है। उनका मानना था कि एक बड़ी आबादी अधिक रचनात्मकता और विचारों की विविधता ला सकती है, जिससे अधिक नवाचार और प्रगति हो सकती है।

प्रधानमंत्री ने भविष्य का संकट बताया जनसंख्या विस्फोट

वहीं, अगर आप धरती की धारक क्षमता के आईने से जनसंख्या वृद्धि को देखें तो यह विस्फोट में निश्चित ही लाभ से अधिक हानियां नजर आती हैं। इसीलिए स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 15 अगस्त 2019 के लाल किले की प्राचीर से दिए गए भाषण में जनसंख्या बृद्धि को भावी पीढ़ी के लिए एक संकट बताया था। प्रधानमंत्री का कहना था कि "हमारा देश उस दौर में पहुंचा है जिसमें बहुत–सी बातों से अब हमें अपने आपको छुपाए रखने की जरूरत नहीं है। वैसा ही एक विषय है जिसको मैं आज लाल किले से स्पष्ट करना चाहता हूं, और वह विषय है, हमारे यहां हो रहा बेतहाशा जनसंख्या विस्फोट। यह जनसंख्या विस्फोट हमारे लिए, हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए अनेक नए संकट पैदा करता है।"

प्रधानमंत्री ने यह चिन्ता तब प्रकट की जब कि देश जनसंख्या बृद्धि के मामले में चीन से पीछे था। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या ऐजेंसी के अनुसार भारत की जनसंख्या 2040 तक 163 करोड़ और 2026 तक 166 करोड़ तक पहुंच सकती है। हालांकि, उसके बाद ठहराव के साथ गिरावट के संकेत भी दिए गए है। क्योंकि भारत में प्रति महिला प्रजनन दर घटती जा रही है।

जितनी जनसंख्या उतना बड़ा बोझ

जनसंख्या असन्तुलन या विस्फोट को पृथ्वी पर बोझ माना जा सकता है, क्योंकि यह ग्रह के संसाधनों पर भारी दबाव डालता है जिससे विभिन्न पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियां उत्पन्न होती हैं। जब किसी क्षेत्र या देश की जनसंख्या उसकी वहन क्षमता से अधिक हो जाती है, तो कई समस्याएं पैदा हो जाती हैं। भारत विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है तो उसके सामने उतनी ही अधिक समस्याएं भी पैदा हो सकती है।

पर्यावरण पर सबसे बुरा असर

अनुभव बताते हैं कि अधिक जनसंख्या जल, भूमि और ऊर्जा जैसे संसाधनों पर दबाव डालती है। भारत में इसके परिणामस्वरूप संसाधनों की कमी हो रही है। विशेषकर अधिक जनसंख्या घनत्व वाले शहरी क्षेत्रों पर असर देखा जा सकता है। इस समस्या ने भारत में पर्यावरणीय गिरावट में योगदान दिया है। अधिक जनसंख्या से वनों की कटाई, प्रदूषण और पर्यावरणीय गिरावट के अन्य रूप हो सकते हैं। ये पारिस्थितिक तंत्र पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं और जलवायु परिवर्तन में योगदान करते हैं। अधिक जनसंख्या के कारण भारत में तेजी से शहरीकरण हुआ है और शहर तेजी से भीड़भाड़ वाले होते जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप आवास की कमी, यातायात की भीड़, और स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छता जैसी बुनियादी सेवाओं तक अपर्याप्त पहुंच जैसे मुद्दे सामने आए हैं।

जनसंख्यकी का असन्तुलन भी समस्याओं की जड़

भारत में जनसंख्या वृद्धि गरीबी और असमानता को बढ़ा रही है। देश में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की एक बड़ी आबादी है, और अधिक जनसंख्या बुनियादी सेवाओं और रोजगार के अवसरों तक पहुंच प्रदान करना अधिक चुनौतीपूर्ण बनाती है। अत्यधिक जनसंख्या भारत में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर एक महत्वपूर्ण दबाव डालती है। चिकित्सा पेशेवरों और संसाधनों की कमी है, और बहुत से लोगों के पास बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच नहीं है। अधिक जनसंख्या राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता का कारण बन सकती है, और यह भारत में देखा भी गया है। देश में एक विविध आबादी है, और अधिक जनसंख्या विभिन्न समूहों के बीच मौजूदा तनाव को बढ़ा सकती है।

भारत के लिए गंभीर चुनौती

सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश होने के नाते भारत के लिए यह वास्तव में एक गंभीर चुनौती है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए भारत को एक व्यापक दृष्टिकोण और रणनीति विकसित करने की आवश्यकता है जो संसाधन प्रबंधन, शहरी नियोजन, स्वास्थ्य देखभाल, सामाजिक और आर्थिक विकास जैसे विभिन्न कारकों को ध्यान में रखे। इसके लिए बुनियादी ढांचे और सेवाओं के साथ–साथ ऐसी नीतियों की आवश्यकता होगी जो स्थायी जनसंख्या वृद्धि और विकास संतुलन स्थापित करें।

कुल मिलाकर भारत सरकार ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए कई उपाय किए हैं, लेकिन इन उपायों की नतीजे मिले जुले रहे हैं। यद्यपि हाल के वर्षों में प्रजनन दर गिरने से भारत की जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है, यह अभी भी दुनिया में सबसे अधिक है, और जनसंख्या वृद्धि को धीमा करने और सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए और प्रयासों की आवश्यकता है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## सीएसआईआर–सीडीआरआई लखनऊ में ऊर्जा साक्षरता प्रशिक्षण और जलवायु घड़ी जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जलवायु परिवर्तन विश्व भर को प्रभावित कर रहा है, लेकिन 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान उन 3 अरब से अधिक लोगों के लिए विनाशकारी साबित होगा, जो जलवायु परिवर्तन के लिए अत्यधिक संवेदनशील स्थानों में रहते हैं, जैसा कि जलवायु परिवर्तन पर अंत:सरकारी पैनल (आईपीसीसी) की रिपोर्ट में बताया गया है। सीएसआईआर–सीडीआरआई, लखनऊ में जलवायु घड़ी और इसका महत्व, जलवायु परिवर्तन और इसके परिणाम की जानकारी देने हेतु युवाओं के लिए ऊर्जा साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें हाइजिया कॉलेज ऑफ फार्मेसी, लखनऊय हाइजिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, लखनऊ और विवेक कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एजुकेशन बिजनौर, उत्तर प्रदेश के छात्रगण संस्थान में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जिज्ञासा कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। 24 अप्रैल से 27 अप्रैल तक आयोजित ऊर्जा साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीन अलग–अलग कॉलेजों के लगभग 150 छात्रों और 12 फैकल्टी ने जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। क्लाइमेट क्लॉक की टिक टिक हमें क्लाइमेट चेंज के लिए अलर्ट कर रही है। प्रतिभागियों को वेबसाइट (https%//climateclock.world/) के जरिए क्लाइमेट क्लॉक के रियल टाइम डेटा के बारे में जानकारी दी गई। क्लाइमेट क्लॉक हमे यह बताती है कि वास्तविक समय के आंकड़ों के आधार पर वैश्विक तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने में कितना कम समय बचा है और यदि तापमान में वृद्धि हुई तो इसका परिणाम अपरिवर्तनीय होगा। इस कार्यक्रम मे प्रतिभागियों को ऊर्जा साक्षरता प्रशिक्षण लेने और जलवायु को बचाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों ने जलवायु को बचाने और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने की शपथ ली। डॉ. संजीव यादव, वरिष्ठ वैज्ञानिक सीडीआरआई लखनऊ ने जलवायु परिवर्तन से होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की, उन्होने कहा ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन मुख्य रूप से ब्व्2 से पृथ्वी का तापमान प्रतिदिन बढ़ रहा है जिससे ग्लेशियर पिघल रहें है और समुद्र का स्तर बढ़ रहा है जिससे कई देशों के तटीय क्षेत्र लगभग जलमग्न होने के कगार पर हैं। स्टूडेंट–साइंटिस्ट कनेक्ट प्रोग्राम के दौरान प्रतिभागियों ने औषधि अनुसंधान की जानकारी भी वैज्ञानिकों से प्राप्त की। विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ये छात्र–वैज्ञानिक कनेक्ट कार्यक्रम, सीएसआईआर–जिज्ञासा के अन्तर्गत में आयोजित किया गए थे जिसमें




फार्मेसी छात्रों हेतु कैरियर के विभिन्न अवसरों की भी जानकारी साझा की गई। डॉ संजीव यादव ने विभिन्न क्षेत्रो के बारे में बताया जहां छात्र अपनी सामर्थ एवं अपनी कमजोरियों को ध्यान में रखते हुए देखते हुए खुद के लिए उपयुक्त विकल्प चुन सकते हैं, जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं जैसे बायोमेडिकल रिसर्चर, मेडिसिन एडवाइजर, पेटेंट अटॉर्नी, फोरेंसिक साइंटिस्ट, रेगुलेटरी अटॉर्नी, क्वालिटी कंट्रोल केमिस्ट, क्वालिटी एश्योरेंस, मेडिकल साइंस लाइजनिंग, फार्माकोविजिलेंस एवं अन्य। फिर उन्होंने समझाया कि कैसे एक नवीन यौगिक एक दावा के रूप में परिवर्तित/विकसित किया जाता है और किस तरह से औषधि अनुसंधान एवं विकास के विभिन्न क्षेत्र इसमें शामिल होते हैं। उन्होने विद्यार्थियों के ये भी बताया कि कैसे वे सीएसआईआर–सीडीआरआई के साथ अपनी यात्रा शुरू कर सकते हैं? इसके अलावा, प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रयोगशालाओं का दौरा किया और वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की और विभिन प्रयोगों के बारे में जाना। विष विज्ञान विभाग में, डॉ. एस.के. रथ ने औषधि खोज और विकास में विष विज्ञान अनुसंधान के महत्व को समझाया। फार्मास्यूटिक्स और फार्माकोकाइनेटिक्स में, वैज्ञानिक डॉ. पी. आर. मिश्रा और उनके शोधकर्ताओं की टीम ने ड्रग फॉर्मूलेशन और संबंधित शोध की बारीकियों को समझाया है। इसके बाद छात्र न्यूरोसाइंस एंड एजिंग बायोलॉजी विभाग की लैब गए जहां डॉ. शीबा सैमुअल (पीटीओ सीडीआरआई) ने विभिन्न न्यूरोलॉजिकल विकारों पर डिवीजन में किए जा रहे शोध कार्य के बारे में बताया। उन्होंने औषधि अनुसंधान में छात्रों की रुचि जागृत करने हेतु सुरुचिपूर्ण परिचर्चा की। प्रतिभागियों ने जन्तु प्रयोगशाला सुविधा का भी दौरा किया, जहां डॉ. धनंजय हंसदा और चंद्रशेखर यादव ने दवा अनुसंधान में शामिल विभिन्न जन्तु मॉडल जैसे कि खरगोश, गिनी पिग, हेम्सटर और चूहों की विभिन्न प्रजातियों को दिखाया है। स्टूडेंट्स खूब एंजॉय कर रहे थे। उन्होंने कहा, हाल ही में सीडीआरआई ने जन्तु के वैकल्पिक उपयोग पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया। जन्तु हमारे लिए अपना बलिदान करते हैं इसलिए हमें उनका सम्मान करना चाहिए और यदि संभव हो तो हमें एक विकल्प का उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम छात्रों एवं शिक्षकों की प्रतिक्रिया (फीडबेक) तथा संस्थान में बिताए पलों को यादगार बनाने के लिए समूहिक फोटो के साथ समाप्त हुआ।

## चेयरमैन प्रत्याशी लक्ष्मी ने बड़े बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय गोण्डा। नगर निकाय चुनाव में पालिका परिषद गोण्डा सदर से भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मी रायचन्दानी सुबह से देर सायं तक विभिन्न वार्डों में जाकर बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद ले रहीं हैं। प्रत्याशी के समर्थन में डोर टू डोर सम्पर्क अभियान में जुटे भाजपा प्रत्यासी के पति राजेश रायचन्दानी समर्थकों के साथ आवास विकास कालोनी द्वितीय में पहुचे, वहां भाजपा वार्ड प्रत्यासी संदीप पाण्डेय के साथ तमाम लोगो को साथ लेकर घर घर जाकर लोगो को जनकल्याण कारी पत्रक देकर सहयोग का अनुरोध किया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी, जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप के नेतृत्व में नीरज मौर्या, अभिषेक दत्त त्रिपाठी, श्याम सुंदर मौर्या, विद्या भूषण द्विवेदी, संतोष सिंह, फैसल शाह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। देर शाम रानी बाजार में भाजपा वार्ड प्रत्यासी बड़कऊ के तमाम कार्यकर्ताओ को साथ लेकर गौरा विधायक प्रारभात वर्मा वरिष्ठ नेता महेश नारायण तिवारी, राजेशराय चन्दानी, जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, राघवेन्द्र कुमार ओझा, अनिल कुमार पासवान, दीपक अग्रवाल, विकास अग्रवाल, थानेदार मिश्रा, शिवा यादव, राकेस तिवारी, उमेश शुक्ला, राजा बाबू गुप्ता, नवीन अग्रवाल, शिव नाथ रस्तोगी, त्रिवेणी लम्बरदार



सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने घर घर जाकर मतदाताओं का आशीर्वाद लिया। दूसरी ओर मालवीय नगर में भाजपा प्रत्यासी लक्ष्मी रायचन्दानी, रेखा द्विवेदी, बीना राय, अर्चना उपाध्याय, गुड़िया सोनी, सोनी सिंह, ममता श्रीवास्तव, दीपिका पाण्डेय, रानी श्रीवास्तव, सुषमा देवी सहित तमाम महिलाओं ने भाजपा वार्ड मेम्बर प्रत्यासी अवध नन्दन वर्मा के दर्जनों कार्यकर्ताओ के साथ घर घर जाकर पत्रक देकर आशीर्वाद लिया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी शेष नारायण शर्मा ने देते हुए बताया कि श्रीकांत पाण्डेय, आनन्द विक्रम सिंह, उमेश शुक्ला, प्रदीप सिंह, बबलू श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, सचिन बाल्मीकि, हरि प्रसाद सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी, अटल पाण्डेय, रंजीत बाबा, राजेन्द्र पांडेय, रक्षा राम भारती, विनोद कुमार सूर्या सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने दयानन्द नगर घर घर जाकर जनसंपर्क किया।

## अंबेडकरनगर जिले में पिकअप से कुचलकर मां और बेटे की हत्या

अंबेडकरनगर ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के अंबेडकरनगर जिले में वैवाहिक आयोजन के दौरान शुक्रवार देर रात बसखारी में हुए विवाद में पिकअप से कुचलकर मां और बेटे की हत्या कर दी गई। इससे गांव में घंटों अफरातफरी का माहौल रहा। पुलिस ने तीन सगे भाइयों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। घटना बसखारी थाना इलाके के मुजाहिदपुर की है। स्थानीय निवासी महेंद्र के घर शुक्रवार को वरीक्षा का आयोजन था। वहां गांव निवासी पंकज जायसवाल रात साढ़े नौ बजे करीब पिकअप लेकर पहुंचा तो उसका महेंद्र से विवाद हो गया। शोरगुल होने पर दोनों पक्ष से लोग आ गए। इसमें पंकज के दो भाई भी शामिल थे। विवाद बढ़ने के दौरान पंकज ने पिकअप से गांव के रहने वाले सुनील की पत्नी विनीता (39) और पुत्र प्रिंस (14) को कुचल दिया। इससे वहां अफरातफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना को लेकर दर्ज कराए केस में सुनील ने कहा कि पंकज के अलावा उनके भाई आकाश और पवन ने कहा था कि जो भी लोग तमाशा देखने




आए हैं, सबको मार डालो। पुलिस को बताया कि घटना के बाद दोनों घायलों को स्थानीय सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उधर घटना के बाद भाग रहे आरोपियों पर आक्रोशित ग्रामीणों ने पथराव भी किया। पुलिस ने केस दर्ज कर मुख्य आरोपी पंकज को हिरासत में ले लिया है। एसओ अश्विनी मिश्र ने बताया कि गांव में अब माहौल शांत है।

## एस के डी अकादमी डिग्री कॉलेज की भावना ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हासिल किया तीसरा स्थान

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एस के डी अकादमी डिग्री कॉलेज के बी. एस. सी. द्वितीय सेमेस्टर के बच्चों ने महिला डिग्री कॉलेज में आयोजित तरंगिनी फेस्ट में हिस्सा लिया एवं कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया। एस के डी डिग्री की बी. एस. सी. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा भावना ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। भावना को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक श्री मनीष सिंह जी ने भावना को विजेता होने पर बधाई दी व सभी भाग लेने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेना व



सीखते रहना बहुत आवश्यक है जिससे भविष्य में संभावनाएं बढ़ती हैं।

## मंडल रेल प्रबंधक द्वारा वाराणसी जं.(कैंट) काशी एवं जंघई स्टेशनों का किया निरीक्षण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मंडल रेल प्रबंधक,लखनऊ, सुरेश कुमार सपरा का मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ वाराणसी जं.(कैंट) स्टेशन पर आगमन हुआ। निरीक्षण कार्यक्रम के तहत मंडल रेल प्रबंधक ने मंडल के अन्य अधिकारियों के साथ मंडलायुक्त वाराणसी कौशल राज शर्मा से वाराणसी कैंट स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों के सम्बन्ध में मुलाकात कर विस्तार से चर्चा की। इसके पश्चात् सुरेश कुमार सपरा ने काशी रेलवे स्टेशन परिसर का अवलोकन किया और प्रगति कार्यों की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के अगले चरण में आपने वाराणसी कैंट स्टेशन पर चल रहे न्यू फुट ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य, थ्व्ठ से प्लेटफॉर्म पर स्थापित किये जा रहे एक्सक्लेटर, सेकेंड एंट्री के सर्कुलेटिंग एरिया, पेयजल व विद्युत व्यवस्था, स्टेशन के प्लेटफार्मो की साफ–सफाई का निरीक्षण किया। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने जंघई रेलवे स्टेशन पर पहुँच कर अमृत भारत योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माणाधीन स्टेशन बिल्डिंग, प्लेटफॉर्म तथा यात्री



सुविधाओं से सम्बंधित अन्य विकास कार्यों का गहन निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिको ने मंडल रेल प्रबंधक को अपनी मांगों से सम्बंधित ज्ञापन दिया एवं आपने जंघई स्टेशन पर उपस्थित मीडिया कर्मियों से संवाद भी स्थापित किया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी, लाल जी चौधरी सहित अन्य शाखा अधिकारी व स्टेशन निदेशक गौरव दीक्षित उपस्थित रहे।

## पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण उत्तर प्रदेश अधिवर्षता आयु पूर्ण कर हुए सेवानिवृत्त

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० डा० आर० के० विश्वकर्मा द्वारा पुलिस मुख्यालय में अनिल कुमार अग्रवाल पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, उ०प्र० लखनऊ की अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति के परिपेक्ष्य में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारी को मोमेन्टो भेंट किया गया तथा सेवा काल के दौरान किये गये कार्यों की सराहना करते हुए उनके एवं उनके परिवार के सुख समृद्धि एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी। इस अवसर पर प्रकाश डी पुलिस महानिदेशक आवास निगम लि0 लखनऊ, ज्योति नारायण अपर पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण विद्यालय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपने तैनाती के समय के संस्मरण साझा किये। अनिल अग्रवाल, पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण उ०प्र० का जन्म 29 अप्रैल 1963 को खण्डवा, मध्य प्रदेश में हुआ था। वर्ष 1988 में भारतीय पुलिस सेवा में चयनित होकर प्रशिक्षणोपरान्त सहायक पुलिस अधीक्षक जनपद इलाहाबाद पुलिस अधीक्षक नगर बरेली अलीगढ़ पुलिस अधीक्षक बस्ती, शाहजहाँपुर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मैनपुरी, फतेहगढ़, गोरखपुर फैजाबाद, वाराणसी लखनऊ, अभिसूचना आगरा एसटीएफ लखनऊ, ईओडब्ल्यू कानपुर नगर, सीबीसीआईडी लखनऊ, सर्तकता अधिष्ठान फैजाबाद, अभिसूचना मुख्यालय, प्रशिक्षण एवं सुरक्षा सेनानायक 32वीं वाहिनी लखनऊ, 37वीं वाहिनी कानपुर व 38वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ के पदों पर नियुक्त रहें। वर्ष 2004 में पुलिस उपमहानिरीक्षक के पद पर प्रोन्नत होकर पुलिस उपमहानिरीक्षक, फैजाबाद परिक्षेत्र, सुरक्षा मुख्यालय,



एसटीएफ, एसीओ, पीएसी सेक्टर वाराणसी एवं मानवाधिकार के पदों पर नियुक्त रहें, तत्पश्चात केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आने के पश्चात पुलिस महानिरीक्षक उ०प्र० पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के पद पर नियुक्त रहे। वर्ष 2013 में अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर प्रोन्नत होकर अपर पुलिस महानिदशक, यातायात उ0प्र0 एवं यूपी–100 के पद पर नियुक्त रहे। वर्ष 2023 में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति से वापस आने के पश्चात वर्तमान समय में पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण उ0प्र0 के पद पर नियुक्त रहे। गणतंत्र दिवस–2004 के अवसर पर दीर्घ एवं सराहनीय सेवाओं के लिये पुलिस पदक, वर्ष 2008 पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 का प्रशंसा चिन्ह (सिल्वर ), वर्ष 2010 पुलिसमहानिदशक उ०प्र० का प्रशंसा चिन्ह (गोल्ड) एवं गणतंत्र दिवस 2012 के अवसर पर विशिष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।

## मतदाता जागरूकता हेतु मानवाधिकार जनसेवा परिषद की पहल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ – स्थानीय निकाय चुनाव में मतदाताओं को वोट डालने हेतु मानवाधिकार जनसेवा परिषद के सदस्य प्रेरित करेंगे। आज मानवाधिकार जनसेवा परिषद के सदस्यों की किरन प्रकाश विश्वकर्मा प्रधान के खरगापुर स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में अध्यक्ष रूप कुमार शर्मा ने यह जानकारी दी। लोकसभा व विधानसभा चुनाव में वोट डालने हेतु नागरिकों में उत्साह रहता है परन्तु नगर निगम चुनाव में लोग उदासीन हो जाते हैं जबकि जन समस्याओं के निवारण में पार्षद ही मुख्य भूमिका निभाता है। इसलिए सभी नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। किरन प्रकाश विश्वकर्मा ने लोगों से अपील की वोट डालने जाते समय अपने साथ पड़ोसी को भी साथ ले जायें। उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि उनके द्वारा विनय खण्ड स्थित पोलिंग बूथ पर वोट डालने आने वाले लोगों को पीने का पानी नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। देवकीनन्दन विश्वकर्मा प्रधान तथा रमेश सिंह प्रधान ने कहा कि यदि लोग समाजसेवी व कर्मठ उम्मीदवार को चुनने हेतु वोट अवश्य डालें।



शालिनी श्रीवास्तव, आशा सिंह, हेमा गुप्ता, नीलम मिश्रा, बीना सिंह तथा शोभना सिंह टीम बनाकर लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित करेंगी। इस अवसर पर रूप कुमार शर्मा, अध्यक्ष मानवाधिकार जनसेवा परिषद प्रदीप कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष, किरन प्रकाश विश्वकर्मा प्रधान, देवकी नंदन विश्वकर्मा प्रधान, रेखा शर्मा, आशा सिंह, हेमा गुप्ता, शालिनी श्रीवास्तव, नीलम मिश्रा, शोभना सिंह, बीना सिंह, रमेश सिंह प्रधान, बाज बहादुर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# डे केयर सेंटर से कामकाजी महिलाओं को सहूलियत– प्रो. निर्मला एस मौर्य

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर पूर्वांचल विश्वविद्यालय के ट्रांजिट छात्रावास में शुक्रवार को कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने डे केयर सेंटर का उद्घाटन किया। डे केयर सेंटर में विश्वविद्यालय की कामकाजी महिलाओं के बच्चों की देखभाल की जाएगी। कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि विश्वविद्यालय में बने डे केयर सेंटर से कामकाजी महिलाओं को काफी सहूलियत मिलेगी। वह दिन में अपने बच्चों को डे केयर में छोड़ सकती है उनका पूरा ख्याल रखा जाएगा।डे केयर सेंटर में बच्चों के खेलने, मनोरंजन के साथ ही साथ सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाएगा।सुरक्षा की दृष्टि है सीसीटीवी से निगरानी भी की जाएगी। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि कामकाजी महिलाओं के लिए बच्चों की देखभाल बहुत संवेदनशील विषय है. विश्वविद्यालय के इस केंद्र में बच्चों के देखभाल के साथ ही साथ खेल कूद की एक्टिविटी भी कराई जाएगी। कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य ने केंद्र के उद्घाटन में पूर्व



बच्चों को जूस, टॉफी और बिस्किट अपने हाथों से दिया। अतिथियों का स्वागत समन्वयक डॉ. झांसी मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रो. मानस पांडेय, प्रो अविनाश डी.पाथर्डीकर, प्रो. एच. सी पुरोहित, प्रो. रजनीश भास्कर, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. गिरिधर मिश्र, डॉ. सचिन अग्रवाल, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव, डॉ. पुनीत धवन, डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. आलोक दास समेत अन्य उपस्थित रहे।

# अवैध गैस सिलेंडर भंडारण करने वाले के यहां मारा छापा : एक गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी महोदय के आदेश के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी, जौनपुर के निर्देश पर अशोक कुमार, क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक, वि0ख0–जलालपुर, आशुतोष त्रिपाठी, पूर्ति निरीक्षक करंजाकला, राकेश कुमार पूर्ति निरीक्षक मड़ियाहूँ, रत्नेश कुमार पूर्ति निरीक्षक सिरकोनी द्वारा 28 अप्रैल 2023 को अजय दूबे पुत्र सुधाकर प्रसाद दूबे, निवासी हरिपुर डीह, वि0ख0 –जलालपुर थाना–जलालपुर, तहसील–केराकत के हरिपुर ऊदपुर मार्ग पर सैय्यद बाबा मजार के पास स्थित पाही/निवास पर छापा मारा गया।जांच के दौरान अजय दूबे की उक्त पाही पर तीन कमरों में कुल 277 खाली/भरे घरेलू कामर्शियल तथा 05 किग्रा0 के सिलेण्डर पाये गये। पाये गये उक्त सिलेण्डरों में से 28 घरेलू खाली सिलेण्डर (इण्डेन कम्पनी) गाड़ी संख्या–यू0पी062 बी0टी0 7930 पर लदे पाये गये। मौके पर पाये गये समस्त सिलेण्डरों के विषय में संतोषजनक उत्तर/अभिलेख प्राप्त न होने से स्पष्ट है कि अजय दूबे द्वारा गैस सिलेण्डरों का उक्त स्थल पर अवैध भण्डारण/बिक्री का कार्य किया जाता है। अजय दूबे का उक्त कृत्य द्रवित पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश 2000 यथा संशोधित प्राविधानों का उल्लंघन है तथा आवश्यक वस्तु



अधिनियम–1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत दण्डनीय है। उपरोक्त जांच में अजय दूबे पुत्र सुधाकर प्रसाद दूबे, निवासी हरिपुर डीह, वि0ख0–जलालपुर थाना–जलालपुर, तहसील–केराकत द्वारा अनुचित लाभ हेतु खाली तथा भरे सिलेण्डरों का अवैध भण्डाराण एवं अवैध बिक्री किया जाना पाया गया है, जिसके दृष्टिगत अजय दूबे पुत्र सुधाकर प्रसाद दूबे, निवासी हरिपुर डीह, वि0ख0–जलालपुर थाना–जलालपुर, तहसील–केराकत के विरूद्ध थाना–जलालपुर, जौनपुर में आवश्यक वस्तु अधिनियम–1955 (यथासंशोधित) की धारा 3/7 के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत कराया गया। उक्त जानकारी जिला पूर्ति अधिकारी जौनपुर ने दिया है।

# लक्ष्य से दोगुना नामांकन कराए शिक्षक– बीएसए

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शिक्षा से वंचित छात्रों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल व बीईओ शनिवार को सिकरारा क्षेत्र में शिक्षकों के साथ कई गांवों में अभिभावकों के दरवाजे पर पहुंचकर उन्हें बच्चों का नामांकन परिषदीय स्कूलो में कराने हेतु प्रेरित किया। उनके इस अभियान में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने भी सक्रिय भूमिका अदा किया। अभिभावकों ने इसे सराहनीय पहल बताया। बीएसए के साथ खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय ब्लाक अध्यक्ष, एआरपी, संकुल प्रभारी, प्रधानाध्यापक व शिक्षकों के साथ कड़ी धूप में डमरुआ व बभनौली गांव में घर–घर जाकर अभिभावकों से मिलकर प्रेरित किया कि वे अपने बच्चों का नाम परिषदीय स्कूलों में लिखवाए। उन्होंने अपने हाथों से आधा दर्जन बच्चों का नामांकन किया। कंपोजिट विद्यालय बभनौली पर सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। डमरुआ की छात्राओं ने स्वागत गीत व बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर शानदार प्रस्तुति किया। छात्र



शौर्य ने नृत्य के साथ बीर रस कविता सुनाकर रोमांचित कर दिया। छात्रा अंजली सरोज का चयन राष्ट्रीय आय योग्यता परीक्षा में होने पर बीएसए द्वारा सम्मानित किया गया। अपने सम्बोधन में बीएसए ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक तथा संसाधन दोनो दोनो उपलब्ध है। शिक्षक डोर– टू– डोर जनसम्पर्क कर लोगो को परिषदीय विद्यालयों में मिलने वाली सुविधाओं व शिक्षा गुणवत्ता के बारे में बताएं। दिसंबर तक सभी छात्र निपुण बन जायेंगे। बीईओ व जिलाध्यक्ष द्वय ने भरोसा दिलाया कि शिक्षक लक्ष्य से ज्यादा नामांकन कराने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे है।

# माह–मई एवं जून में न्यायालयों एवं कार्यालयों का समय निर्धारण हेतु दिशा–निर्देश

जौनपुर सू.वि. : पीठासीन अधिकारी, वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण ने अवगत कराया है कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा माह–मई एवं जून में न्यायालयों/कार्यालयों का समय निर्धारण हेतु दिशा–निर्देश प्राप्त था जिससे कतिपय जिलो में भविष्य में प्रत्येक वर्ष न्यायालय का समय प्रातः 7.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था तथा इस सम्बन्ध में बार एशोसियेशन की सहमति आवश्यक है, यदि बार एशोसियेशन सहमत हो तो न्यायालय का समय प्रातः 7.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक किये जाने हेतु निदेर्शित किया गया है, तथा बार एशोसियेशन सहमत न हो तो माह–मई एवं जून में न्यायालय का समय 10.00 बजे से 5.00 बजे तक यथावत् रहेगा। चूँकि इस अधिकरण में सक्रिय रूप से कार्यरत विद्वान् अधिवक्तागण, दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ, जौनपुर से सम्बन्धित हैं, अतः दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ द्वारा प्रस्तुत सहमति के आधार पर जनपद न्यायालय जौनपुर में समय परिवर्तित हो जाने की परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए एवं कलेक्ट्रेट जौनपुर के न्यायालयों का समय परिवर्तित किये जाने को दृष्टिगत रखते हुए विगत वर्षो की भाँति इस अधिकरण में भी माह मई एवं जून 2023 के लिये मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, के न्यायालय व कार्यालय की समय सारिणी निर्धारित किया जाना उचित प्रतीत होता है। अधिकरण के खुलने एवं कार्य समय निम्नवत् निर्धारित किया जाता है :– अधिकरण का समय प्रातः 7.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक, जिसके मध्य 10.30 बजे से 11.00 बजे तक भोजनावकाश का समय होगा। कार्यालय का समय प्रातः 6.30 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक, जिसके मध्य 10.30 बजे से 11.00 बजे तक भोजनावकाश का समय होगा। 30 जून 2023 के उपरान्त अर्थात 01 जुलाई 2023 से अधिकरण के न्यायालय व कार्यालय का समय परिवर्तित 10.00 से 5.00 बजे तक रहेगा।

# भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में पहुंचे उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

सुल्तानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : नगर के तिकोनिया पार्क स्थित बीजेपी प्रत्याशी प्रवीण अग्रवाल समेत भाजपा सभासद के चुनाव को लेकर कर




रहे है मंच से जन संवाद।मंच पर जिले के प्रत्याशी समेत कई दिग्गज भाजपाइयों की टीम मौजूद थे।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : जिले के जलालपुर चौराहे पर केराकत खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. तूलिका शर्मा द्घारा खाद्य पंजीकरण का कैंप लगाकर व्यापारियों ठेले चाट वाले,चाय वाले ठंडा बेचने वाले का खाद्य पंजीकरण किया गया जिसमें 45 लोगों ने आवेदन की जिसमें 37 नया पंजीकरण एवं 8 पुराने बने हुए पंजीकरण का नवीनीकृत किया गया




तथा व्यापारियों को मिलावट के प्रति वह साफ सफाई के लिए जागरूक किया।डा. शर्मा ने दुकानदारों से विधिक नमूना संग्रहीत कर विश्लेषण हेतु खाद्य प्रयोगशाला के द्वारा जांच किया गया ।खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को जागरूक करते हुए बताया कि स्टीकर को ध्यान पूर्वक देखें की प्रोडेक्ट बनाने वाले ने अपना नाम पता दिया है या नहीं। साथ ही लिखे शब्दों का मिलान करके लें कि लगे स्टीकर पर पर लिखे शब्दों का मिलान करके ही समानों का सेवन करें परतयुक्त फलों को न बेचा जाए। यह हानिकारक रसायन युक्त होते हैं जो दीर्घ समय तक प्रयोग पर स्वास्थ्य के लिए गंभीर समस्या कारक होते उपभोक्ताओं को भी जागरूक किया गया व अपील की गई कि खाद्य पदार्थ खरीदते व बिक्री करते समय भी सतर्कता बरतें।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का 21 मई 2023 दिन रविवार को होगा आयोजन

जौनपुर सू.वि. : पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने अवगत कराया है कि प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 13 मई 2023 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत 21 मई 2023 दिन रविवार को आयोजित की जायेगी। उक्त सूचना के अनुसार लोक अदालत की तिथि परिवर्तित होने के कारण सुलह के प्रयासो के लिये अतिरिक्त समय प्राप्त हो गया है, जिसका सउपयोग करने के लिये यह आवश्यक है कि एक अतिरिक्त प्री–ट्रायल आयोजित किया जाय। विगत दिनाक 26 अप्रैल 2023 को यूनाईटेड इण्डिया इन्श्योरेंस कम्पनी, टाटा ए. आई. जी. ज. ई. क. एवं उ० प्र० रा० स० परि० नि० को विशेष रूप से नामित करते हुए प्री–ट्रायल आयोजित किया गया था किन्तु उपरोक्त दोनों बीमा कम्पनियों एवं उ०प०रा०स०परि०नि० की ओर से काई भी पदाधिकारी प्री–ट्रायल में भाग लेने हेतु उपस्थित नही हुआ जिसके कारण प्री–ट्रायल में नियत की गयी पत्रावलियों में से किसी भी पत्रावली में सुलह नही हो सकी। अतः एक विशेष प्री–ट्रायल बैठक 18 मई 2023 दिन बृहस्पतिवार को आयोजित की जायेगी जिसमें मुख्य रूप से यूनाईटेड इण्डिया इन्श्योरेंस कम्पनी, टाटा ए. आई.जी. ज.इं.कं. एवं उ० प्र०रा०स० परि० नि० के वादों की पत्रावलियों सुलह वार्ता हेतु प्रस्तुत की जायेगी, इसके अतिरिक्त यदि किसी अन्य कम्पनी की कोई पत्रावली सुलह हेतु प्रस्तावित है तो उसको भी प्रस्तुत करके सुलह वार्ता हेतु प्रयास किया जायेगा।

## श्मशान में नहीं मिली जगह : सड़क किनारे युवक का अंतिम संस्कार करने को मजबूर हुए ग्रामीण

बागपत ब्यूरो : उत्तर प्रदेश के बागपत में रटौल थानाक्षेत्र में एक युवक की मौत होने के बाद उसके अंतिम संस्कार के लिए परिवार वालों को परेशनी का सामना करना पड़ा। गांव में शमशान घाट नही होने और मृतक भूमिहीन होने के कारण अंतिम संस्कार के लिए जगह नहीं मिली। जिससे क्षुब्ध ग्रामीणों ने ढिकौली–बंथला मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया और फिर किनारे पर ही शव का अंतिम संस्कार किया। भैड़ापुर गांव के रहने वाले टीटू (45) पुत्र नत्थे पिछले कई दिनों से बीमार चल रहा थ, जिसकी बीमारी के कारण मौत हो गई।



ग्रामीणों ने बताया कि गांव में शमशान घाट की भूमि पर विवाद होने के कारण ग्रामीण मौत होने पर अपने खेतों में शव का अंतिम संस्कार करते है। उन्होंने बताया कि मृतक टीटू का परिवार भूमिहीन है। जिस कारण टीटू की मौत के बाद शव का अंतिम संस्कार करने के लिए परिवार वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए लेकर घूम रहे ग्रामीणों ने विनयपुर गेट के पास ढिकौली–बंथला मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया और एसडीएम को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। सूचना मिलने पर पहुंची चांदीनगर पुलिस ने किसी तरह समझाकर जाम खुलवाया। इसके बाद सड़क किनारे मृतक का अंतिम संस्कार किया गया। गांव में भटकते रहे, लेकिन नहीं मिली जगह मृतक टीटू का अंतिम संस्कार करने के लिए परिवार वाले शवयात्रा लेकर तो चल दिए, लेकिन अंतिम संस्कार के लिए जगह नहीं मिली। काफी देर तक धूमने के बाद ग्रामीण विनयपुर गेट पर पहुंचे और शव रखकर जाम लगा दिया। पहले भी हो चुका है यही हाल ग्रामीण राजकुमार, रमेश ने बताया कि शमशान घाट नहीं होने के कारण भूमिहीन परिवारों को इधर उधर भटकना पड़ता है। उन्होंने बताया कि पहले भी एक भूमिहीन की मौत होने के बाद सड़क किनारे शव का अंतिम संस्कार करना पड़ा था। जिसकी शिकायत कई बार अधिकारियों से की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं कराया गया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# जनपद वाराणसी के करसड़ा में अटल आवासीय विद्यालय का कराया गया निर्माण–सहायक श्रम आयुक्त

जौनपुर सू.वि. : सहायक श्रम आयुक्त गौतम गिरि ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों बच्चियों तथा मुख्यमंत्री बाल सेवायोजना के अन्तर्गत पात्र बच्चों एवं कोरोना काल में माता एवं पिता के मृत्यु से निराश्रित बालक/बालिकाओं को कक्षा 06 से लेकर कक्षा–12 तक निःशुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश से वाराणसी मण्डल में जनपद वाराणसी के करसड़ा में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण कराया गया है जिसमें शैक्षणिक वर्ष 2023–24 में कक्षा 06 की शिक्षा प्रारम्भ की जानी प्रस्तावित है। कक्षा 06 में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा दिया जाना आवश्यक होगा जिसके लिए पात्र अभ्यार्थियों को निर्धारित प्रारूप पर पूर्ण रूप से भरकर आवेदन–पत्र श्रम विभाग कार्यालय जौनपुर में जमा किया जाना आवश्यक होगा। उक्त आवेदन ऐसे निर्माण श्रमिकों के बच्चों द्वारा किया जायेगा– जिन निर्माण श्रमिकों द्वारा पंजीयन 31 मार्च 2020 के पूर्व श्रम विभाग में कराया गया है। आवेदन करने वाले बालक/बालिकाओं की जन्म तिथि 01 मई 2010 से 30 अप्रैल 2013 के मध्य होनी चाहिये। आवेदक बालक/बालिकाओं द्वारा शैक्षणिक वर्ष 2022–23 में कक्षा 05 की परीक्षा किसी शासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालय से उत्तीर्ण किया जाना आवश्यक है। किसी भी पंजीकृत निर्माण श्रमिक के मात्र दो बच्चों तक ही यह लाभ उपलब्ध होगा। अभ्यार्थियों को नियमानुसार शासन द्वारा निर्धारित आरक्षण की सुविधा अनुमन्य है जिस हेतु उन्हें आरक्षण प्रमाण–पत्र निर्धारित प्रारूप पर जमा करना होगा। जनपद जौनपुर में उपरोक्त अर्हता को पूर्ण करने वाले अभ्यार्थियों द्वारा अपना आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप पर भरकर 13 मई 2023 की सायं 04 बजे तक कार्यालय सहायक श्रमायुक्त ढालगर टोला, गौशाला भवन निकट हिन्दी भवन, जौनपुर में जमा किया जा सकता है। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा की सम्भावित तिथि 26 मई 2023 प्रस्तावित है जिसमें मानसिक क्षमता के 40 अंकगणित के 20 और भाषा क्षमता पर आधारित 20 प्रश्न पूछे जायेंगे। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश होने के उपरांत प्रवेशित छात्र/छात्राओं को विद्यालय में रहने, पढ़ने, खाने–पीने एवं खेलने इत्यादि की समस्त व्यवस्था निःशुल्क रूप से उपलब्ध करायी जायेगी उक्त विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के सम्पूर्ण शारीरिक, मानसिक एवं नैतिक विकास हेतु संपूर्ण व्यवस्था उपलब्ध करायी जायेगी। अतः जनपद जौनपुर निवासी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से यह अपील है कि उक्त विद्यालय में प्रवेश हेतु अपने कक्षा 05 उत्तीर्ण बालक/बालिकाओं का आवेदन भरकर श्रम कार्यालय में निर्धारित तिथि के पूर्व जमा करें। इच्छुक अभ्यार्थियों द्वारा प्रवेश सम्बन्धी आवेदन–पत्र श्रम कार्यालय जौनपुर में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साइज फोटो, कक्षा 05 उत्तीर्ण करने का प्रमाण–पत्र, आधार कार्ड एवं जाति प्रमाण–पत्र इत्यादि अभिलेख जमा किया जाना अपेक्षित होगा।

# मुख्तार को दस तो अफजाल अंसारी को चार साल की सजा : संसद सदस्यता भी खत्म होगी

गाजीपुर ब्यूरो : गाजीपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने गैंगस्टर मामले में माफिया मुख्तार अंसारी और उसके भाई बसपा सांसद अफजाल अंसारी को दोषी करार दिया है। मुख्तार को दस साल की सजा सुनाई गई है। पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। इसी तरह अफजाल अंसारी को चार साल की सजा सुनाई गई और एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। सजा के ऐलान के साथ ही अफजाल अंसारी की लोकसभा की सदस्यता खत्म होने की नौबत आ गई है। लोकसभा सचिवालय से नोटिफिकेशन जारी होते ही संसद की सदस्यता खत्म हो जाएगी। सजा सुनते ही मुख्तार अंसारी व अफजाल के चेहरे की हवाइयां उड़ गईं। बांदा जेल में बंद मुख्तार की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेशी हुई थी, जबकि अफजाल कोर्ट में मौजूद था। उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। गैंगस्टर का मामला 16 वर्ष पुराना है। मुख्तार व अफजाल के गैंग चार्ट में दिवंगत भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या का मामला भी शामिल है। क्या है मामला ? गाजीपुर के मोहम्मदाबाद और करंडा थाने में दर्ज मामलों को लेकर वर्ष 2007 में मुख्तार अंसारी व अफजाल अंसारी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। गैंग चार्ट में भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या, वाराणसी के कोयला कारोबारी व विहिप नेता नंद किशोर रुंगटा के अपहरण व हत्या का मामला मामला शामिल है। एमपी/एमएलए कोर्ट ने इस मामले में 15 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। शनिवार को फैसला सुनाया जाना था, इसलिए अफजाल अंसारी सुबह ही एमपी/एमएलए कोर्ट पहुंच गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मुख्तार की पेशी मुख्तार की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेशी कराई गई। इसी दौरान कोर्ट ने अपना फैसला पढ़कर सुनाया। सबसे पहले माफिया मुख्तार अंसारी को सजा सुनाई गई। कोर्ट ने 19 पेज का



जो फैसला सुनाया है, उसमें गैंगस्टर के मामले को गंभीर बताया। इसके बाद अफजाल अंसारी को सजा सुनाई गई। अफजाल की सजा का फैसला 115 पेज में लिखा गया है। इसे पढ़कर सुनाने में कोर्ट को समय लगा है। जैसे ही सजा का ऐलान हुआ, वैसे ही अफजाल अंसारी को न्यायिक अभिरक्षा में ले लिया गया, फिर कोर्ट से ही सीधे जेल भेज दिया गया। सुरक्षा के सख्त इंतजाम माफिया और उसके भाई के खिलाफ फैसले को देखते हुए सुरक्षा के भारी इंतजाम किए गए। कोर्ट परिसर और बाहरी क्षेत्र का इलाका पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। मुख्तार अंसारी मऊ सदर से कई बार विधायक रह चुका है। अफजाल भी गाजीपुर से दो बार लोकसभा का चुनाव जीत चुका है। फैसला सुनाने के दौरान कोर्ट परिसर और उसके बाहर गहमागहमी का माहौल रहा है। वाराणसी के कारोबारी नंदकिशोर रूंगटा की अपहरण के बाद हत्या जनवरी 1997 में कोयला व्यापारी और विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कोषाध्यक्ष नंदकिशोर रूंगटा का उसके घर से अपहरण कर लिया गया था, फिर हत्या कर दी गई। जानकारी के मुताबिक, रूंगटा के परिवार से पांच करोड़ रुपये की फिरौती की मांगी गई थी। परिवार ने 1.5 करोड़ रुपये दे भी दिए थे। इसके बावजूद रूंगटा की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में माफिया मुख्तार अंसारी का नामजद किया गया था। मुख्तार के गैंगचार्ट में भी इस हत्याकांड का ब्योरा दर्ज है।

# सिपाही की हत्याः बंद कराई आंख और काट दी गर्दन : दम तोड़ने तक वार करता रहा तांत्रिक

मेरठ ब्यूरो : मेरठ से सटे सरधना में गांव पोहल्ली निवासी दिल्ली पुलिस के हेडकांस्टेबल गोपीचंद की हत्या हुई है। वह पिछले कई सप्ताह से लापता चल रहा था। पुलिस ने आरोपी तांत्रिक को गिरफ्तार करते हुए इस पूरी घटना का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार गर्दन रेतकर साधु ने ही सिपाही की हत्या की थी। पुलिस ने बताया कि हस्तिनापुर के सैफपुर रोड पर स्थित विदुर धाम आश्रम में रहने वाले आरोपी बाबा गणेशानंद उर्फ गणपतलाल को गिरफ्तार किया गया है। वह तांत्रिक क्रिया में लिप्त पाया गया है। उसने पूछताछ में वारदात कबूल कर ली है। जांच–पड़ताल में यह भी खुलासा हुआ है कि सिपाही का विवाहेतर प्रेम–प्रसंग चल रहा था। वह अपनी पत्नी की हत्या कराने के लिए साधु से संपर्क में था। इसके लिए वह तंत्र–मंत्र की क्रिया साधु से करा रहा था। वहीं साधु को पत्नी की हत्या के लिए सुपारी भी दी थी, लेकिन तांत्रिक ने रुपयों के लालच में सिपाही को ही मौत के घाट उतार दिया। दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल गोपीचंद ने प्रेमिका से शादी करने के लिए पत्नी की हत्या की पूरी योजना तैयार कर रखी थी। इसके लिए उसने समय–समय पर तांत्रिक को लाखों की रकम भी दी, लेकिन तांत्रिक ने रुपयों के लालच में गर्दन रेतकर उसे ही मौत के घाट उतार दिया। पूछताछ में तांत्रिक गणेशानंद उर्फ गनपत ने बताया कि उसने गोपीचंद को यह कहकर बुलाया कि मुर्गे की बलि लेते ही उसकी पत्नी की भी मौत हो जाएगी। उसने मुर्गे को जमीन पर रख दिया और गोपीचंद को जमीन पर लिटाकर उसकी आंख बंद करा दी। कहा कि आंख खोली तो तंत्र–मंत्र की सिद्धी पूरी नहीं होगी। इसके बाद तांत्रिक ने पहले मुर्गे की बलि दी और फिर दांव (फरसा) से गोपीचंद की गर्दन काट दी। साढ़े चार लाख रुपये वापस करने पड़ते तांत्रिक ने बताया कि पत्नी को मरवाने के लिए गोपीचंद उसे साढ़े चार लाख रुपये दे चुका था। वह बार–बार दबाव डाल रहा था कि पत्नी की मौत क्यों नहीं हो रही। तांत्रिक जानता था कि तंत्र–मंत्र से किसी की मौत नहीं हो सकती। उसे डर था कि गोपीचंद रुपये वापस न मांगने लगे, इसलिए उसने हत्याकांड को अंजाम दिया। हत्या करने से पहले भी तांत्रिक ने उससे डेढ़ लाख रुपये लिए थे। शव तलाशना पुलिस के लिए चुनौती पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती गोपीचंद का शव बरामद है। तांत्रिक ने हत्या के बाद शव को गंगा में बहा दिया था। हत्याकांड को एक माह हो चुका है। हालांकि खुलासे के बाद पुलिस तांत्रिक को लेकर मौके पर पहुंची और अभियान भी चलाया, लेकिन शव का कोई पता नहीं चल सका। एसपी देहात कमलेश बहादुर का कहना है कि आरोपी को रिमांड पर लेकर शव की तलाश की जाएगी। जब तक नहीं तोड़ा दम, करता रहा गर्दन पर वार तांत्रिक के पहले वार के बाद गोपीचंद घायल होकर तड़पता रहा। इसके बाद तांत्रिक ने गर्दन पर कई वार किए और उसकी मौत के बाद गंगा नदी में शव बहा दिया। साथ ही गोपीचंद का मोबाइल और बाइक की नंबर प्लेट तोड़कर गंगा में धकेल दी, जिसे पुलिस ने 12 अप्रैल को बरामद कर लिया था।

# नव चयनित बाराबंकी व अयोध्या शहरी आशाओं का आठ दिवसीय द्वितीय बैच का प्रशिक्षण आरम्भ

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं में और गति लाने के लिए नव चयनित शहरी आशाओं का द्वितीय बैच का आठ दिवसीय मूलभूत प्रशिक्षण का शुभारंभ दर्शन नगर प्रशिक्षण केन्द्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा द्वारा किया गया।द्वितीय बैच के मूलभूत प्रशिक्षण में कुल 30 नव चयनित आशा जिसमें 21 जनपद बाराबंकी और 09 जनपद अयोध्या की उपस्थित नव चयनित शहरी आशाओं की शहरी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने में आशाओं की भूमिका पर बात करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों और सेवाओं की सभी बच्चों, बड़ो और बुजुर्गों में पंहुच बनाने में आशा स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ हैं। आज हम सभी इससे बखूबी वाकिफ हैं की स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों का संचालन और उनकी सफलता की उम्मीद में आशा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो चुकी है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग कर रहीं सभी नव चयनित शहरी आशाओं को प्रेरित किया कि वो मन से अपने प्रशिक्षण को पूर्ण करें जिससे प्रशिक्षण उपरान्त जब फील्ड में जाएं तो उन्हे किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।जनपद बाराबंकी से प्रशिक्षण



के लिए आई आशाओं को बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया जिससे वो अपने जनपद में आम शहरी को मूलभूत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हो सकें।प्रशिक्षण शुभारंभ अवसर पर अर्बन नोडल डाव वेद प्रकाश त्रिपाठी, अर्बन समन्वयक सुशील के साथ साथ प्रशिक्षक गण डाव सी पी सिंह, एन बी मिश्रा व वी पी सिंह उपस्थित रहे।

# साकेत नगर वार्ड से निर्दल पार्षद प्रत्याशी संतोष श्रीवास्तव उर्फ दीपा ने किया जनसंपर्क तेज



अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शुक्रवार को नगर निकाय चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित होते ही प्रचार प्रसार में तेजी दिखाई देने लगी।इसी कड़ी में अयोध्या नगर निगम से नवसृजित वार्ड संख्या 33 साकेत नगर से निर्दल पार्षद प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रही संतोष श्रीवास्तव दीपा को चुनाव चिन्ह उगता हुआ सूरज मिला।उन्होंने अपना प्रमुख मुद्दा साकेत वार्ड की चौमुखी विकास बनाया है।चुनाव लड़ रही संतोष श्रीवास्तव दीपा ने सड़क,सफाई,नाली,पानी, बिजली सहित अन्य मूलभूल समस्याओं को मूल मुद्दा बनाया। इस वार्ड से निर्दल पार्षद प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ रही संतोष श्रीवास्तव दीपा ने बताया कि अगर जनता उनको साकेत नगर से निर्दल पार्षद के रुप में जिताने का कार्य करेगी तो वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेंगी।मालूम हो कि साकेत नगर वार्ड से निर्दल पार्षद प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ रही संतोष श्रीवास्तव दीपा का कई दिनों से तूफानी दौरा चल रहा है।जिसका नतीजा वे लोगों में अपना जगह बनाती हुई नजर आ रही है। 'शुक्रवार को इस वार्ड के जनता से जब बात किया गया तो वहां के निवासियों ने बताया कि निर्दल पार्षद प्रत्याशी दीपा सभी के सुख दुःख में हमेशा खड़ी रहती है।लोगों ने बताया कि हमारा वार्ड इस समय विकास के मामले में काफी पिछड़ा हुआ है।बिजली,सड़क, पानी, सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं से यह वार्ड वंचित हैं।जो प्रत्याशी इस समस्याओं से निजात दिलाने का कार्य करेगा।वही विजयी होगा। जनता के मुताबिक इस समय वर्तमान समय में निर्दल पार्षद प्रत्याशी संतोष श्रीवास्तव दीपा में यह गुण दिखाई दे रहा है।हम उसी को पार्षद बनायेंगे। निगम भेजेंगे उन्होंने बताया कि अभी वर्तमान समय में पार्षद ना होते हुए भी दीपा श्रीवास्तव ने कई मूलभूत कार्यों को कराया है जनता के मुताबिक यह लगता है कि वर्तमान समय में निर्दल पार्षद प्रत्याशी संतोष श्रीवास्तव दीपा ने जनता के बीच अपनी अच्छी पकड़ बना रही है।फिलहाल 13 मई को पता लगेगा कि विजय किसे मिलेगी।उनके साथ कुसुम श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव ,इंद्रावती सिंह ,कंचन सिंह, सुचित्ता यादव रूबी सिंह ,सोनाली ,सुनीता,कंचन, श्रीवास्तव ,आरती मिश्रा ,रेखा पांडे, अरुण श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव,संतोष चतुर्वेदी,दिलीप श्रीवास्तव,राहुल श्रीवास्तव,अभिषेक सिंह सुरेन्द्र श्रीवास्तव,मोहित पाठ अजय पाठक सिद्धार्थ श्रीवास्तव विवेक चतुर्वेदी अवनीश दुबे सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। इस मौके पर लोगों ने सड़क,सफाई,पानी, बिजली सहित मूलभूत समस्या सामने आई।

# पुलिस कप्तान ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) निकाय चुनाव को देखते हुए जिला प्रशासन के साथ–साथ पुलिस प्रशासन भी पूरी तरीके से कमर कस लिया है।चुनाव दौरान किसी भी तरह की कोई चूक ना



हो इसके लिए जिला प्रशासन के साथ पुलिस प्रशासन कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है।शुक्रवार को जहां नगर निकाय चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया वही पुलिस कप्तान मुनिराज जी ने अपने एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर,सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अश्वनी कुमार पाण्डेय सहित अन्य पुलिस व प्रशासनिक कर्मियों के साथ राजकीय इंटर कॉलेज में बने स्ट्रांग रूम का बारीकी से निरीक्षण किया।स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने वहां पर मौजूद आला अधिकारियों व सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि सुरक्षा में किसी भी तरह की कोई भी चूक नहीं होनी चाहिये।उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम का बारीकी से निरीक्षण किया।वहां पर स्ट्रांग रूम की निगरानी में लगे सीसीटीवी कैमरे व सुरक्षा व्यवस्था आदि की चेकिंग कर चुनाव सम्बन्धी जारी निर्देशों का पालन हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## जिला निर्वाचन अधिकारी व विभिन्न दलो के पदाधिकारियों की बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 को सकुशल एवम् शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत विभिन्न राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष व पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय में बैठक की।इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद में नगर निकाय निर्वाचन 2023 के अंतर्गत नगर निगम व पालिका पंचायतों के विभिन्न पदों पर प्रत्याशियों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले व्यय विवरण के संबंध में प्रचलित प्रयुक्त होने वाली सामग्रियों आदि की स्थानीय बाजार दरों की सूची उपलब्धा कराई तथा विभिन्न प्रत्याशियों को पदवार व्यय सीमा तथा प्रचार के संबंध में आयोग के निर्देशों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। जिलाधिकारी ने विभिन्न पदों के प्रत्याशियों को प्रचार प्रसार हेतु तथा मतदान के दिन एवं मतगणना के दिन आयोग के निर्देशानुसार प्रयुक्त किए जा सकने वाले वाहनों के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई उन्होंने बताया कि निर्वाचन अवधि में प्रत्याशियों द्वारा प्रचार–प्रसार हेतु नगर निगम के महापौर पद के प्रत्याशी हेतु 05, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार हेतु 03, नगर पंचायत के अध्यक्ष पद के उम्मीदवार हेतु 02, नगर निगम के पार्षद पद के उम्मीदवार हेतु 02, नगर पालिका परिषद के सदस्य पद के उम्मीदवार हेतु 01 तथा नगर पंचायत के सदस्य पद के उम्मीदवार हेतु 01 वाहन (दो पहिया वाहन सहित सभी मैकनाइज्ड मोटोराइज्ड वाहन) का संचालन निर्वाचन के प्रचार–प्रसार के लिए करा सकते है।जिला निवार्चन अधिकारी ने बताया कि मतदान दिवस पर नगर निगमों में महापौर पद हेतु 02 वाहन (01 महापौर प्रत्याशी और 01 उसके निर्वाचन अभिकर्ता हेतु) अनुमन्य होगा। पार्षद पद हेतु प्रत्याशी को 01 वाहन अनुमन्य होगा। नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष पद हेतु 01 वाहन अनुमन्य होगा। नगर पालिका परिषद नगर पंचायत के सदस्य पद हेतु कोई वाहन अनुमन्य नहीं होगा।उन्होंने ने बताया कि मतगणना के दिन नगर निगमों में महापौर के प्रत्याशी को 02 वाहन, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत को 01 वाहन की अनुमति दी जायगी। पार्षद, नगर निगम एवं सदस्य, नगर पालिका परिषद नगर पंचायत को मतगणना के दिन वाहन की अनुमति नहीं दी जायगी।उन्होंने बताया कि प्रत्याशी द्वारा निर्वाचन प्रचार–प्रसार हेतु प्रयोग किए जाने वाले वाहन ध् वाहनों तथा निर्वाचन के सम्बन्ध में अन्य मदों पर होने वाला व्यय आयोग द्वारा उक्त पद ध् स्थान हेतु निर्धारित अधिकतम व्यय सीमा के अन्तर्गत होना चाहिए।जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना केन्द्रों/स्थलों/स्ट्राँग रूम की जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम, अयोध्या तथा नगर पंचायत, गोशाईंगंज हेतु मतगणना स्थल एवं स्ट्राँग रूम राजकीय इण्टर कॉलेज, नगर पंचायत, खिरौनी तथा नगर पंचायत, भरतकुण्ड भदरसा हेतु मतगणना स्थल/स्ट्राँग रूम आर0डी0 इण्टर कॉलेज, सुचित्तागंज, नगर पालिका परिषद् रुदौली तथा नगर पंचायत, कामाख्या हेतु मतगणना स्थल/स्ट्राँगरूम हिन्दू इण्टर कॉलेज, रुदौली, नगर पंचायत, कुमारगंज हेतु मतगणना केन्द्र/स्ट्राँग रूम राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, मुगीशपुर, तहसील मिल्कीपुर तथा नगर पंचायत, बीकापुर हेतु मतगणना स्थल तहसील सभागार बीकापुर व स्ट्राँग रूम न्यायालय कक्ष उप जिलाधिकारी (न्यायिक) बीकापुर में बनाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी स्ट्राँग रूम पर सीसीटीवी से निरन्तर निगरानी रहेगी जिसे विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी स्ट्राँग रूम के बाहर लगी टीवी के माध्यम से देख सकेंगे। इसी प्रकार मतगणना की समस्त कार्यवाहियाँ आयोग के निर्देशानुसार सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में सुनिश्चित की जायेंगी।जिला निर्वाचन अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया कि उप जिलाधिकारियों को उपलब्ध करायी गयी मतदान पर्चियों को बी0एल0ओ0 के माध्यम से समय पर समस्त मतदाताओं में वितरित कराना सुनिश्चित करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमित सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष, काँग्रेस उमेश उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष स0पा0 वंशराम गौड़, जिलाध्यक्ष, आम आदमी पार्टी अनिल कुमार प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# स्थानीय निकाय चुनाव को संपन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों के रूप में शिक्षकों को भी किया गया तैनात

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) स्थानीय निकाय के चुनाव को संपन्न कराने के लिए मतदान कार्मिकों के रूप में शिक्षकों को भी तैनात किया गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि इस बाबत निर्गत सूची में विकलांग शिक्षक,गर्भवती शिक्षिकाओं, गंभीर रोगों से ग्रसित शिक्षक, नवजात शिशु वाली शिक्षिकाओं, पति पत्नी दोनों की ड्यूटी, एकल अभिभावक शिक्षक शिक्षिकाओं को मतदान कार्मिक बनाया गया है,जो शासनादेश के विरुद्ध है। जिला मंत्री डॉक्टर चक्रवर्ती सिंह ने अन्य कई विसंगतियां को इंगित करते हुए कहा कि इन विसंगतियों को दूर करने तथा ऐसे शिक्षक –शिक्षिकाओं को निर्वाचन संबंधी कार्यों से मुक्त किए जाने की मांग किया है।जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती ने कहा कि कुछ शिक्षकों की पारिवारिक परिस्थितियां भी अनुरूप नहीं है, जिसके चलते ड्यूटी करने में कठिनाईयां का सामना करना होगा । यह जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया कि इस प्रकरण के समुचित समाधान के लिए संगठन का प्रतिनिधि मंडल सक्षम अधिकारियों से मिलकर लिखित जानकारी भी देगा। प्रभावित शिक्षकों की सूची हेतु ब्लाक इकाइयों को निर्देशित किया गया है कि तत्काल संकलन कर सूची भेंजें।

# 150 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने दो लोगों को 150 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब तथा शराब बनाने में प्रयुक्त सामान के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ अयोध्या कोतवाली में नामजद केस दर्ज करवा पुलिस ने चालान किया है। गुरुवार को सीओ अयोध्या एसके गौतम ने बताया कि नगर निकाय चुनाव को लेकर एसएसपी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा और आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम नाका हरीन्द्र कृष्णन की संयुक्त टीम ने आज लक्ष्मणघाट के सामने सरयू नदी के मांझा क्षेत्र से रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र के मोहल्ला कन्धरपुर निवासी संजीत मांझी और राजघाट मीरापुर बुलन्दी निवासी राजकुमार मांझी को गिरफ्तार किया है। इनके पास से टीम ने कुल 150 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब और अपमिश्रित शराब निर्माण में इस्तेमाल होने वाला दो किलो यूरिया व 1 किलो नौसादर बरामद किया है। प्रकरण में अयोध्या कोतवाली में दोनों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है और दोनों का चालान किया गया है।

## चौकी इंचार्ज शुजागंज द्वारा कराया जा रहा चौकी में नए भवनों का निर्माण सीओ ने कोतवाल के साथ किया भूमिपूजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रूदौली–अयोध्या। रूदौली कोतवाली की पुलिस चौकी शुजागंज में चौकी को विस्तार एवं सुंदर रूप देने की नीयत से चौकी प्रभारी शुजागंज विनय कुमार यादव द्वारा चौकी में आरक्षी बैरिक सहित अन्य कमरों का निर्माण कराया जा रहा है जिसका भूमिपूजन CO रूदौली सत्येंद्र भूषण तिवारी ने पूजा अर्चना के बाद विधि विधान से किया। बता दें कि काफी अर्से पहले बनी पुलिस चौकी शुजागंज में आरक्षी बैरिक सहित अन्य सुविधाओं की व्यवस्था नही थी तमाम चौकी प्रभारी आये गए लेकिन किसी ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। वर्तमान समय मे चौकी का प्रभार देख रहे तेजतर्रार उपनिरीक्षक विनय कुमार यादव द्वारा इस कार्य की शुरुवात की गई और CO रूदौली सत्येंद्र भूषण तिवारी ने भूमिपूजन के बाद पहली ईंट रखी और निर्माण कार्य शुरू हो गया इस दौरान प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रूदौली देवेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। चौकी इंचार्ज के इस कार्य की क्षेत्र के लोगों सहित चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने सराहना की और उनके प्रति आभार प्रकट किया।

## निकाय चुनाव को लेकर नेता भ्रमण शील

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) निकाय चुनाव को लेकर चाहे वह पार्षद पद के प्रत्याशी हों चाहे मेयर पद के प्रत्याशी हों सभी अपने–अपने दावों के साथ जनता के बीच में भ्रमण शील है शादी हो या किसी के यहां कोई दुख की घड़ी हो मंदिर हो मस्जिद हो कोई भी मौका प्रत्याशी छोड़ नहीं रहे हैं और उनकी ये कोशिश है कि अपनी बात ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाया जा सके और चुनाव को अपने हक में किया जा सके इसी कड़ी में आज बीएसपी के अयोध्या नगर निगम मेयर पद के प्रत्याशी राममूर्ति यादव ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ टाट शाह मस्जिद के बाहर नमाजियों से मुलाकात कर अपने हक में वोट की अपील की क्योंकि आज शुक्रवार था इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग मस्जिद में जुमे की नमाज पढ़ने आए हुए थे ऐसे में बसपा मेयर पद प्रत्याशी राममूर्ति यादव ने नमाजियों से मुलाकात कर अपने हक में वोट मांगा और जीतने के बाद शहर को क्या प्राथमिकता देंगे यह भी बताया मीडिया से बात करते हुए राममूर्ति यादव ने कहा यहां जलभराव यह एक समस्या है और उन्होंने कहा महंगाई स्वास्थ्य और शिक्षा भी एक अहम मुद्दा है उन्होंने कहा कि हम को जनता हाथों हाथ ले रही है और जीतने के बाद हम क्षेत्र की जनता को निराश नहीं करेंगे किए गए वादों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे।

## चुनाव चिन्ह पाने के बाद प्रत्याशी पगडंडियों पर चलने को हुए मजबूर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मिल्कीपुर–अयोध्या।नगर पंचायत कुमारगंज में आयोजित चुनाव को लेकर सरगर्मी हुई तेज। चुनाव चिन्ह पाने के बाद प्रत्याशी पगडंडियों पर चलने को हुए मजबूर। खबर विस्तार से नगर पंचायत कुमारगंज में आयोजित चुनाव को लेकर चुनाव चिन्ह पाने के बाद अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशी अपने अपने चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में उतरे। अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे आभा, राष्ट्रीय लोक दल चुनाव चिन्ह हस्त चालित पंप, चंद्रबली सिंह भाजपा चुनाव चिन्ह कमल, प्रशांत आम आदमी पार्टी झाड़ू , विकास सिंह समाजवादी पार्टी चुनाव चिन्ह साइकिल, विजयपाल कांग्रेस हाथ का पंजा, सीता सिंह बहुजन समाज पार्टी चुनाव चिन्ह हाथी, कमलेश यादव आजाद समाज पार्टी काशीराम चुनाव चिन्ह केतली, अजय भान निर्दल चुनाव चिन्ह केला का पेड़, अयूब निर्दल चुनाव चिन्ह अलाव और आदमी, नवीन निर्दल चुनाव चिन्ह गदा, बैजनाथ निर्दल चुनाव चिन्ह अनार, मीना निर्दल सरौता, राजबहादुर निर्दल चुनाव चिन्ह लड़का लड़की, लल्लन निर्दल चुनाव चिन्ह जीप, विजय कुमार निर्दल चुनाव चिन्ह वृक्ष, शकील निर्दल चुनाव चिन्ह सितारा, वहीं सभासद के पद के लिए चुनाव लड़ रहे सभी 78 प्रत्याशी पार्टी के व निर्दलीय अपने–अपने चुनाव निशान को लेकर रणभूमि में उतर गए हैं। वहीं सभासद के पद पर चुनाव लड़ रही भाजपा की प्रत्याशी सत्यभामा वार्ड नंबर 6 की प्रत्याशी थी जिनके द्वारा 2 पर्चे भरे गए थे एक पर्चा अमान्य था त्रुटि बस बीते दिनांक में यह खबर प्रसारित हो गई थी की इनके द्वारा पर्चा वापस ले लिया गया। वहीं बता दें कि सत्यभामा भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी हैं जिनका चुनाव चिन्ह कमल का फूल है जिससे चुनाव मैदान में चुनाव लड़ने के लिए मुस्तैदी के साथ मैदान में उतर गई हैं।

# 22 जनवरी को रामलला की गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा की खबर अफवाह : चंपत राय ने बताई सच्चाई

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या रामनगरी में श्रीराम लाल की प्राण प्रतिष्ठा की खबरें शुक्रवार को बहुत तेजी से वायरल हुई थी। 22 जनवरी 2024 को इसकी डेट भी दी गयी पर इन सभी कयासों पर देर शाम श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने विराम लगा दिया। उन्होंने मीडिया को बयान देते हुए कहा कि यह पूरी तरह से अफवाह है और इसे मीडिया ने ही फैलाया है।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि मीडिया में अखबार में जो 22 तारीख की खबर चली है वह मीडिया के द्वारा फैलाई गयी अफवाह है और ये जनता को भ्रमित करने का प्रयास है।चंपत राय ने जनता को सन्देश देते हुए कहा कि जनता सुखी रहे उनका परिवार सुखी रहे। लोग अयोध्या दर्शन करने आएं। रामलला का दर्शन करने आए और नए बन रहे मंदिर का दर्शन करने आएं। उन्होंने कहा कि लोग हिल स्टेशन पर जाने के बजाए रामलला के दर्शन को आएं।

## कैच द रैन 3.0 अंतर्गत शैक्षिक एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : नेहरू युवा केंद्र एवं नमामि गंगे के संयुक्त तत्वावधान में कैच द रैन 3.0 का अयोजन शाहपुर पंवार, मल्लावां में किया गया। जिसकी थीम वर्षा जल संचयन, युवा भागीदारी से जन आंदोलन है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कैलाश चंद्र, स्पियरहेड, नमामि गंगे द्वारा युवाओं को जल संरक्षण के तकनीकों के विषय में बताया गया साथ ही नमामि गंगे की टीम और नेहरू युवा केंद्र की टीम के द्वारा ग्राम स्तर पर जल संचयन संबंधी किए गए कार्यों जैसे पुराने कुओं का जीर्णोद्धार, तालाबों की साफ सफाई, सोक पिट का निर्माण की चर्चा कर युवाओं को भी ऐसा करने को प्रेरित किया गया । जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे अश्वनी कुमार मिश्र ने युवाओं को संबोधित करते हुए जल की उपलब्धता के कठिन आंकड़ों के बारे में बताते हुए कहा कि जल है तो कल है, कि मुख्य अवधारणा यही है कि जल बिना जीवन संभव नहीं है। आज मनुष्य जल को दूसरो ग्रहों पर खोजने जा रहे है और प्रयास भी कर रहे किंतु अपने पृथ्वी पर जल के संचयन के तरीकों को नहीं सीखना चाहते, जबकि जल जीवन का मुख्य आधार है। हम सभी को जल संरक्षण के लिए क्या क्या कदम उठाने चाहिए, हमने इसे सीखना ही नही चाहा। युवाओ से आग्रह करते हुए कहा कि जल का उपयोग सिंचाई एवं घरेलू दोनो जगहों पर औचित्यपूर्ण प्रयोग करे, और



मानसून के पहले अपने छत को साफ कर ले, और कोई ऐसा बंदोबस्त करे, जिससे छत पर एकत्रित होने वाला जल सीधा भूगर्भ में जाए और पृथ्वी का जल स्तर बढ़ सके। जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने बताया कि जल संरक्षण, नदी संरक्षण को लेकर सरकार किस प्रकार गंभीरता से काम कर रही है इसे समझना जरूरी है। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक संदीप राजपूत, स्पियरहेड ने किया । तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित सभी गंगा दूत और युवा मंडल सदस्य गंगा आरती करने शाहपुर पंवार घाट पहुंचे जहां जिला परियोजना अधिकारी एवं जिला युवा अधिकारी के नेतृत्व में सभी के द्वारा स्वच्छता के पश्चात गंगा आरती की गई ।

# ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालयीय ड्रॉप रोबॉल पुरुष प्रतियोगिता में अवध विश्वविद्यालय बना उपविजेता

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने ड्रॉप रोबॉल पुरुष प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान के साथ उपविजेता बनी। इस तरह महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित ऑल इंडिया अंतर विश्वविद्यालयीय ड्रॉप रोबॉल पुरुष प्रतियोगिता में अवध विश्वविद्यालय को उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में पुरूष खिलाड़ियो के दमदार खेल प्रदर्शन पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने टीम के सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया जा रहा है। ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का मान बढा रहे। विश्वविद्यालय के कीड़ा परिषद द्वारा खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए हर सुविधा मुहैया कराई जायेगी। विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. जसवंत सिंह ने उपविजेता टीम के खिलाड़ियों एवं टीम प्रबन्धन को बधाई दी। विश्वविद्यालय क्रीड़ा सचिव प्रो. आशीष प्रताप सिंह ने खिलाडियो के शानदार खेल प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इन्हें बेहतर खेल सुविधाएं दी जायेगी। इस उपलब्धि पर



विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी पूर्णेंदु शुक्ला, कुलसचिव उमानाथ, मुख्य कुलानुशासक प्रो.अजय प्रताप सिंह, प्रो. एस.एस. मिश्रा, प्रो. नीलम पाठक, साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अभय कुमार सिंह, विश्वविद्यालय आवासीय परिसर शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ0 संग्राम सिंह, महामंत्री डॉ0 राना रोहित सिंह, अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो0 वी. पी. सिंह, महामंत्री प्रो. जितेंद सिंह, प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, डॉ. अनुराग पांडेय, पूर्व क्रीड़ा सचिव प्रो. प्रवीण सिंह, प्रो. सन्तोष गौड़, डॉ. पूनम जोशी, डॉ विनय कुमार सिंह, डॉ. कपिल राणा, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ अनिल मिश्रा, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. मुकेश वर्मा, डॉ. मनीष सिंह सहित खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया। इस प्रतियोगित के टीम मैनेजर कुमार मंगलम सिंह एवं कोच राजेन्द्र प्रताप सिंह रहे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।